भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 478

06 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र (आरआईएनएल) में जनशक्ति

478. श्री जी.वी.एल. नरसिंहा राव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में आरआईएनएल में एग्जिक्यूटिव और गैर-एग्जिक्यूटिव संवर्गों में कर्मचारियों की संख्या कितनी है;

(ख) विगत तीन वर्षों में एग्जिक्यूटिव और गैर-एग्जिक्यूटिव संवर्गों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की संख्या कितनी है और तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) आगामी तीन वर्षों में एग्जिक्यूटिव और गैर-एग्जिक्यूटिव संवर्गों से सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों की संख्या कितनी है और तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत 2 वर्षों में आरआईएनएल से इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी संवर्ग-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) विगत तीन वर्षों में भर्ती किए गए कर्मचारियों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी संवर्ग-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(च) आरआईएनएल में नई भर्तियों पर प्रतिबंध लगाने के क्या कारण है; और

(छ) आरआईएनएल अपने पूर्ण संचालन के लिए जन शक्ति की कमी से कैसे निपटता है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): कार्यपालक और गैर-कार्यपालक संवर्गों में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की वर्तमान कर्मचारी संख्या (1.1.2023 तक) निम्नानुसार है:-

कार्यपालक	**गैर-कार्यपालक**
4875	10,005 (प्रशिक्षुओं सहित)

Contd..2/-

(ख): विगत तीन वर्षों में कार्यपालक और गैर-कार्यपालक संवर्गों के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की वर्ष-वार संख्या निम्नानुसार है:

कैलेंडर वर्ष	कार्यपालक	गैर-कार्यपालक	कुल
2020	208	330	538
2021	207	422	629
2022	292	528	820

(ग): आगामी तीन वर्षों में कार्यपालक और गैर-कार्यपालक संवर्गों के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की वर्ष-वार संभावित संख्या निम्नानुसार है:

कैलेंडर वर्ष	कार्यपालक	गैर-कार्यपालक	कुल*
2023	303	560	863
2024	403	694	1097
2025	464	785	1249
*महीने के अंतिम दिन अधिवार्षिता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों पर विचार किया जाता है।			

(घ): विगत दो वर्षों में आरआईएनएल से त्यागपत्र देने वाले कर्मचारियों की संवर्ग-वार संख्या निम्नानुसार है:

कैलेंडर वर्ष	कार्यपालक	गैर-कार्यपालक	कुल
2021	78	46	124
2022	67	46	113

(ङ): विगत तीन वर्षों में भर्ती किए गए कर्मचारियों की संवर्ग-वार और वर्ष-वार संख्या निम्नानुसार है:

कैलेंडर वर्ष	कार्यपालक	गैर-कार्यपालक	कुल
2020	74	23	97
2021	0	8	8
2022	0	1	1

(च): आरआईएनएल में नई भर्तियों पर कोई रोक नहीं है। तथापि, कंपनी की खराब वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत, आरआईएनएल में भर्ती को युक्तिसगंत बनाया गया है।

(छ): आरआईएनएल ने कंपनी की प्रचालनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चुनिंदा गैर-प्रमुख गतिविधियों को आउटसोर्स किया है और कर्मचारियों को प्रमुख गतिविधियों में फिर से तैनात किया है।

****